>

Title: Need to set up a Mega Food Park in Kaushambi district, Uttar Pradesh- laid

**श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी):** केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को समृद्ध बनाने के लिए उनकी आय दुगुनी करने हेतु अनेक योजनाएं चलायी जा रही हैं, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है । मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी, जहां विश्व विख्यात इलाहाबादी अमरूद, आम एवं केला तथा जनपद प्रतापगढ़ में विश्व विख्यात आंवला की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है, वहां कोई मेगा फूड पार्क न होने के कारण किसान अपने उत्पादन को औने-पौने दाम पर बेचने के लिए मजबूर है । इलाहाबादी अमरूद एवं प्रतापगढ़ के आंवला की अन्तर्राष्ट्रीय पहचान होने के बावजूद भी किसानों को उचित लाभ नहीं मिल पाता है ।

अतः मेरा अनुरोध है कि विश्व विख्यात उत्पादन को बढ़ावा देने व किसानों को उचित मूल्य दिलाने हेतु जनपद कौशाम्बी में एक मेगा फूड पार्क की स्थापना की जाए, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ायी जा सके । धन्यवाद ।